कक्षा - पंचम (Class v main hindi)

<u>कार्य पत्र विशेषण</u>

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं ।

प्रश्न क : निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित करिए :

१. कमरा साफ़ - सुथरा है ।

२. मेज़ पर तीन पुस्तकें हैं ।

३. वीर सिपाही देश की सेवा करते हैं ।

४. डरपोक लोग छिप जाते हैं ।

५. हम सब भारतीय हैं ।

६. मेर विद्यालय प्रसिद्ध है ।

७. यह आज की ताज़ा खबर है ।

८. मुझे चार मीटर कपड़ा चाहिए ।

प्रश्न ख : नीचे लिखे शब्दों में से संज्ञा शब्दों को लाल तथा विशेषण शब्दों को नीले रंग से रेखांकित करिए तथा उचित स्थान पर लिखिए :

हरा पत्ता गंदा कमरा बड़ा घर लाल साड़ी

मीठा आम नमकीन पराठा नटखट बिल्ली

कमज़ोर लड़की खट्टा संतरा नीला आकाश साफ़ कक्षा

संज्ञा **विशेषण**

प्रश्न ग: विशेषण शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए :

१. अमावस्या की रात ------------------------------------ होती है ।

२. कोट में ---------------------- बटन लगे हैं ।

३. बाल्टी का पानी -------------------------- है ।

४. सरला ----------------------बालिका है ।

५. ------------------------ फल सबको अच्छा लगता है ।

६. मैं कक्षा -----------------------------में पढ़ता हूँ ।

७. कुतुबमीनार एक ------------------------ इमारत है ।

८. लड्डू ------------------------ हैं ।

प्रश्न घ : सही मिलान कीजिए :

किसान	टेढ़ी , लाल , नुकीली
शेर	ग़रीब , मेहनती , ईमानदार
गुब्बारे	टूटी -फूटी , छोटी , पुरानी
मदर टेरेसा	भूरा , रौबीला , शक्तिशाली
झोंपड़ी	गोल , लम्बे , रंग - बिरंगे
तोते की चोंच	वृद्धा , दयालु , विनम्र

प्रश्न ड. : संज्ञा शब्दों के साथ दो-दो विशेषण लिखिए :

पेंसिल -------------------------------- ------------------------------

पहाड़ -------------------------------- ------------------------------

सूर्य -------------------------------- ------------------------------

भालू -------------------------------- ------------------------------

फूल -------------------------------- ----------------------------

<u>हिंदी पाठ्यपुस्तक उड़ान</u>

<u>पाठ १३</u> (ज़रूरी है खेल कूद और व्यायाम) पाठ का अच्छी तरह से पठन करें तथा पाठ के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी पुस्तिका पर लिखिए -

प्रश्न १: नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क. किताबी कीड़ा से क्या तात्पर्य है ?

ख. ज़्यादातर व्यायाम कैसे होते हैं ?

ग. व्यायाम और खेल कूद से क्या लाभ है ?

घ. प्राणायाम आसन से क्या लाभ होता है ?

प्रश्न २: वाक्य बनाइए -

शरीर , परीक्षा , नुकसान, लाभदायक , स्फूर्ति

प्रश्न ३ : नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए -

क्षण , एकाग्रता , उत्साह , व्यायाम , शवासन , रक्त संचार

प्रश्न ४ : नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को चुनकर लिखिए -

मैं वादा करती हूँ कि मैं अब अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखूँगी । रोज़ाना मैं पार्क में खेलने जाया करूँगी । अपनी सहेली नीना से आज ही बात करती हूँ । हम दोनों मिलकर रोज़ शाम को पार्क में खेलने जाया करेंगे ।